कार्यालय- परियोजना अधिकारी

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायपुर शहरी-02,जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय दूरभाष नं.0771-4915423 Email id--raipururban2@gmail.com

क्र./930/एबाविपरि/स्था./नियुक्ति/2026-27 रायपुर, दिनांक 27/10/2026

//ज्ञापन//

आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग (छ0ग0) इन्द्रावती भवन ब्लॉक-1 द्वितीय तल नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक **/IT/830/2025-WCD HOD IT SECTION IT/** नवा रायपुर दिनांक-05/01/2026 के द्वारा आं.बां. कार्यकर्ता/सहायिकाओं के रिक्त पदों में ई-भर्ती पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नियुक्ति किए जाने के प्राप्त निर्देशानुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना रायपुर शहरी-02 अंतर्गत में आं.बां. सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्ति की जानी है उक्त पद की भर्ती हेतु इच्छुक पात्र महिलाएं (उसी वार्ड/मोहल्ला) की निवासी ई-भर्ती पोर्टल **URL-https://aww.e-bharti.in/** में दिनांक-27.10.2026 से 11.11..2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन की समस्त प्रक्रिया ई-भर्ती पोर्टल के **USER MENUAL** में दर्शित है, जिसका उपयोग करके आवेदन किया जा सकता है। निर्धारित तिथि में एवं के बाद परियोजना कार्यालय या डाक से प्रेषित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(अ) आंगनबाड़ी सहायिका पद रिक्त का विवरण :-

क्रं.	केन्द्र का नाम	संख्या	वार्ड का नाम	पद का नाम
1	कुकरी पारा	01	दानवीर भामा शाह वार्ड क्रमांक-26	आंगनबाड़ी सहायिका

1. **आंगनबाड़ी सहायिका के लिये आवश्यक अर्हताएँ :-**
   1.1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका का पद पूर्णतः मानसेवी तथा अशासकीय पद है तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय प्रतिमाह दिया जावेगा ।
   1.2 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के पद केवल महिलाओं के लिये ही होंगे ।
   1.3 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के पद के लिये **आयु सीमा 18 से 44 वर्ष** की होगी । आयु की गणना आवेदन आमंत्रित सूचना जारी होने की तिथि से की जावेगी । सेवा की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी।
   1.4 एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका/सह-सहायिका/संगठिका को नियुक्ति में अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष तक की छूट दी जावेगी। ऐसी कार्यकर्ता/सहायिका जिन्हें अनियमितता के कारण पूर्व में सेवा से बर्खास्त किया गया है उन्हें दोबारा सेवा में नहीं लिया जावेगा। अनुभव हेतु संबंधित परियोजना अधिकारी द्वारा जारी किया गया अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा ।
2. नगरीय क्षेत्र के लिये उसी वार्ड की स्थानीय निवासी होना चाहिए ।
3. **निवासी होने के प्रमाण में**-(1) आवेदन के लिये सक्षम अधिकारी का निवास प्रमाण पत्र अथवा अद्यतन मतदाता सूची में दर्ज नाम व पता होना चाहिये । (2) नगरीय निकायो में वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड एवं ग्राम में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जावेगा । निवास के संबंध में विवाद या शिकायत होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जावेगा । (3) नगरीय क्षेत्र की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जावे।
4. **गरीबी रेखा होने पर-** नगरीय निकाय हेतु वर्तमान में प्रभावशील वर्ष-2007-08 का प्रमाण पत्र जो कि आयुक्त/जोन आयुक्त/राजस्व अधिकारी नगर निगम रायपुर से प्रमाणित हो को ही मान्य किया जावेगा । गरीबी रेखा कार्ड तथा परिवार सूची की छायाप्रति लगाया जाना अनिवार्य होगा तथा परिवार ड्राप सूची की छाया प्रति भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. समस्त दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियॉ संलग्न किया जावेगा ।
6. **आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होनी चाहिए :-**

Scanned with OKEN Scanner

आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु	8 वीं बोर्ड उत्तीर्ण/ ग्रेड पद्धति मूल्यांकन पत्रक उत्तीर्ण/कक्षा अठवीं मूल्यांकन ग्रेड पद्धति होने पर प्रधान पाठक का रजिस्टर के मूल्यांकन पत्रक के अनुसार प्राप्तांक/पूर्णांक प्राप्त प्रतिशत का प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।

टीपः– कक्षा अठवीं मूल्यांकन ग्रेड पद्धति होने पर प्रधान पाठक का रजिस्टर के मूल्यांकन पत्रक के अनुसार प्राप्तांक/पूर्णांक प्राप्त प्रतिशत का प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण के लिए अंकसूची की स्व–प्रमाणित छायाप्रति लगाया जाना अनिवार्य होगा ।

7. अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारो को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण संलग्न करने पर अतिरिक्त अंक की पात्रता होगी । यदि किसी उम्मीदवार द्वारा अस्थाई जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो उसे शपथ–पत्र देना होगा कि 6 माह में स्थाई जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगा अन्यथा उसकी नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
8. **आवेदिका के विधवा/परित्यकता होने से मूल्यांकन में अतिरिक्त अंक की पात्रता होगी,** ।
9. विधवा के लिए मृत्यु प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा/परित्यकता के संबध में नगर निगम/नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड के पार्षद द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया हो तो उसे मान्य किया जावेगा अथवा न्यायालय द्वारा जारी तत्संबंधी आदेश की प्रति प्रस्तुत करना होगा परित्यकता के संबध में दो वर्ष से अधिक की अवधि मान्य होगी ।
10. विभाग में पूर्व से ही कार्यरत अनुभवी कार्यकर्ता/सहायिका/सह–सहायिका आदि होने पर कार्यालय प्रमुख के अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर अंक की पात्रता होगी ।
11. अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम में 8 वीं तक अध्ययन करने पर अतिरिक्त अंक की पात्रता होगी ।
12. आवेदन पत्र आमंत्रण की निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन या दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जावेगा।
13. दावा आपत्ति दर्ज करने हेतु प्रावधिक सूची ऑनलाइन ई–भर्ती पोर्टल में अपलोड की जावेगी। अभ्यर्थी प्रावधिक सूची अपने नाम का लिखित जानकारी व प्राप्त अंक का अवलोकन करे व किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर प्रमाण–पत्र सहित निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन दावा आपत्ति प्रस्तुत करे। इस अवधि में किसी प्रकार के नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जायेंगें।
14. यदि प्रचलित भर्ती प्रकिया में किसी भी प्रकार का परिवर्तन या संशोधन होता है तो उक्त ज्ञापन में उल्लेखित पदों की पूर्ति शासन द्वारा प्राप्त होने वाले संशोधित निर्देषों के तहत् नियुक्ति की प्रकिया पूर्ण की जावेगी ।
15. पृथक–पृथक पद हेतु पृथक–पृथक ऑनलाइन आवेदन भरा जावे ।

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना
रायपुर शहरी–2,जिला–रायपुर (छ.ग.)

पृ.क./931/एबाविपरि/स्था./नियुक्ति/2026–27
रायपुर, दिनांक 27/10/2026

प्रतिलिपि :–

1. **कलेक्टर**, जिला–रायपुर (छ.ग) को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
2. **आयुक्त**, नगर पालिका निगम रायपुर (छ.ग) को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
3. **महापौर महोदय/सभापति महोदय**, न.पा.नि. रायपुर (छ.ग) को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
4. **जिला कार्यक्रम अधिकारी**, मुबाविवि रायपुर (छ.ग)को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
5. **संबंधित वार्ड पार्षद** [illegible] 26 न.पा.नि. रायपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
6. **पर्यवेक्षक सेक्टर**.....[illegible].....एकीकृत बाल विकास परियोजना रायपुर शहरी–02 को पालनार्थ ।

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना
रायपुर शहरी–2,जिला–रायपुर (छ.ग.)

F:\NIYUKTI A.B\सहायिका आंगनबाड़ी ज्ञापन

Scanned with OKEN Scanner